# सार्वजनिक सूचना

दीवानी न्यायालय परिसर सहारनपुर में स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों-एक कैन्टीन (नाश्ता चाय आदि), साईकिल स्टैंड़, फोटोस्टेट दुकान नं0-01, फोटोस्टेट दुकान नं0-2,पान की दुकान नं0-01,पान की दुकान नं0-02 व एक रेहड़ी दाल मौठ को टैन्ड़र द्वारा उठाये जाने के लिए वित्तीय वर्ष-2026-2027 हेतु दिनांक 17.04.2026 समय सांय 05:00 बजे तक सीलबंद निविदाएं (टैन्ड़र) आमंत्रित किये जातें हैं, जो दिनांक 18.04.2026 को सांय 04:30 बजे न्यायालय परिसर स्थित ए.ड़ी.आर.भवन में खोले जायेगें। इच्छुक निविदाकर्ता (टैन्ड़रकर्ता) नियम व शर्तों, स्थान तथा समय आदि के सम्बन्ध में नज़ारत अनुभाग, सहारनपुर से कार्यालय समय पर तथा न्यायालय के सूचना पट से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

(प्रकाश तिवारी)
अध्यक्ष,नीलामी समिति /
अपर जिला जज कक्ष संख्या-04
सहारनपुर।

# प्रेस विज्ञप्ति

दीवानी न्यायालय परिसर सहारनपुर में स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों-एक कैन्टीन (नाश्ता चाय आदि), साईकिल स्टैंड़, फोटोस्टेट दुकान नं0-01, फोटोस्टेट दुकान नं0-2,पान की दुकान नं0-01,पान की दुकान नं0-02 व एक रेहड़ी दाल मौठ को टैन्ड़र द्वारा उठाये जाने के लिए वित्तीय वर्ष-2026-2027 हेतु दिनांक 17.04.2026 समय सांय 05:00 बजे तक सीलबंद निविदाएं (टैन्ड़र) आमंत्रित किये जातें हैं, जो दिनांक 18.04.2026 को सांय 04:30 बजे न्यायालय परिसर स्थित ए.ड़ी.आर.भवन में खोले जायेगें। इच्छुक निविदाकर्ता (टैन्ड़रकर्ता) नियम व शर्तों, स्थान तथा समय आदि के सम्बन्ध में नज़ारत अनुभाग, सहारनपुर से कार्यालय समय पर तथा न्यायालय के सूचना पट से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

(प्रकाश तिवारी)
अध्यक्ष,नीलामी समिति /
अपर जिला जज कक्ष संख्या-04
सहारनपुर।

# कार्यवृत्त नीलामी

आज दिनांक 27.03.2026 को मेरी अध्यक्षता में समय सांय 04:30 बजे न्यायालय परिसर के ए.ड़ी.आर.भवन में न्यायापीठ सहारनपुर स्थित विभिन्न सातों प्रतिष्ठानों (कैन्टीन-नाश्ता चाय आदि, साईकिल स्टैंड़, फोटोस्टेट दुकान नं0-01, फोटोस्टेट दुकान नं0-2, पान की दुकान नं0-01, पान की दुकान नं0-02 व एक रेहड़ी दाल मौठ) की नीलामी की वित्तीय वर्ष-2026-2027 हेतु नीलामी समिति की बैठक हुई। बैठक में श्री श्री आलोक शर्मा, सदस्य नीलामी समिति / अपर जिला जज कक्ष संख्या-11 सहारनपुर, श्री कमलदीप सदस्य नीलामी समिति / अपर जिला जज / त्वरित न्यायालय-प्रथम सहारनपुर, तथा श्री संजीव कुमार शर्मा सदस्य नीलामी समिति / कोर्ट मैनेजर सहारनपुर उपस्थित आये।

न्यायपीठ सहारनपुर के प्रतिष्ठानों: कैन्टीन-नाश्ता चाय आदि, साईकिल स्टैंड़, फोटोस्टेट दुकान नं0-01, फोटोस्टेट दुकान नं0-2, पान की दुकान नं0-01, पान की दुकान नं0-02 व एक रेहड़ी दाल मौठ की नीलामी हेतु नियमित प्रक्रिया (खुली बोली) के माध्यम से नीलामी की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। उक्त के सम्बन्ध मे दिनांक 17.03.2026 को अवधनामा तथा अमर चिंगारी, दिनांक 19.03.2026 को पश्चिमांचल दर्शन, दिनांक 20.03.2026 क अमर चिंगारी तथा दिनांक 21.03.2026 को अमर उजाला व दैनिक जागरण में प्रकाशन कराया गया, परन्तु व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के पश्चात भी उक्त प्रतिष्ठानों में से केवल साईकिल स्टैन्ड़ हेतु दो बोलीदाता, बोलीदाता श्री राजेन्द्र तथा बोलीदाता श्री सतपाल उपस्थित आये। फोटोस्टेट दुकान नं0-01 हेतु दो बोलीदाता श्री कार्तिक तथा बोलीदाता श्री राजकुमार उपस्थित आये। उपरोक्त दोनों प्रतिष्ठानों की नीलामी की बोली हेतु नीलामी कोरम (गणपूर्ति) पूरा न होने के कारण तथा शेष अन्य प्रतिष्ठानों हेतु किसी बोलीदाता के उपस्थित न आने के कारण नीलामी की कार्यवाही पूर्ण नही हो सकी।

अत: केन्द्रीय नाजिर को निर्देशित किया जाता है कि वह नियमित प्रक्रिया (खुली बोली) के माध्यम से नीलामी की कार्यावाही पूर्ण न होने के कारण, माननीय उच्च न्यायालय के पत्रांक संख्या-1673/ Admin (B-I) Section दिनंकित 16.05.2024 के अनुक्रम में अहर्ता के बिन्दु पर अलग-अलग तथा सीलबंद टैन्ड़र आमंत्रित करके नीलामी की कार्यावाही किये जाने हेतु टैन्ड़र प्रक्रिया के तहत व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सार्वजनिक सूचना न्यायपीठ के नोटिस बोर्ड़ व कलेक्ट्रेट में स्थित नोटिस बोर्ड़ तथा अन्य दृश्यमान स्थानों पर चस्पा करायें तथा उपरोक्त से सम्बन्धित सूचना एक राष्ट्रीय व तीन स्थानीय समाचार-पत्रों में प्रकाशन करायें एवं जिला न्यायालय सहारनपुर के पोर्टल, एन.आई.सी. पोर्टल तथा माननीय उच्च न्यायालय की अधिकृत वेबसाईट पर भी नीलामी तिथि व विवरण अपलोड़ करायें। उक्त के अनुक्रम में नीलामी समिति की सर्वसम्मत राय से दिनांक 17.04.2026 को सांय 05:00 बजे तक सीलबंद निविदाएं (टैन्ड़र) आमंत्रित करने का निर्णय किया गया। इस सम्बन्ध में अग्रिम तिथि दिनांक 18.04.2026 को समय 04:30 बजे न्यायालय परिसर सहारनपुर के ए.ड़ी.आर. भवन में नियत की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 27/3/26 | कमलदीप 27.3.26 | 27/3/26 | 27/3/26 |
| (संजीव कुमार शर्मा) | (कमलदीप) | (आलोक शर्मा) | (प्रकाश तिवारी) |
| सदस्य नीलामी समिति/ | सदस्य नीलामी समिति/ | सदस्य नीलामी समिति / | अध्यक्ष नीलामी समिति/ |
| कोर्ट मैनेजर | अपर जिला जज/त्वरित न्यायालय-I | अपर जिला जज कक्ष सं0-11 | अपर जिला जज कक्ष सं0-04/ |
| सहारनपुर। | सहारनपुर। | सहारनपुर। | सहारनपुर। |

DISTT. JUDGE
SAHARANPUR
30/3/26